# श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाऐं) का लखनऊ दौरा

श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाऐं), एनएचपीसी लिमिटेड के दिनांक 23.02.2021 को सम्पर्क कार्यालय लखनऊ आगमन पर श्री मनीष सहाय (मुख्य कार्यपालक अधिकारी/ महाप्रबन्धक) के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया | तत्पश्चात निदेशक (परियोजनाऐं) महोदय को "गार्ड ऑफ ऑनर" दिया गया और फिर उनके द्वारा कार्यालय प्रांगण मे पौधारोपण किया गया |

इससे पूर्व दिनांक 22.02.2021 को निदेशक महोदय के लखनऊ आगमन पर हवाई अड्डे पर महाप्रबन्धक व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया |

सम्पर्क कार्यालय में निदेशक महोदय ने सभी अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें सर्वप्रथम शाल भेंट कर महाप्रबन्धक ने उनका सम्मान किया और उसके बाद सम्पर्क कार्यालय व बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड में चल रहे विभिन कार्यों से उन्हें अवगत कराया | सीईओ, बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित सौर परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया जिसमें मुख्यतः उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी व भारतवर्ष की पांचवी सबसे बड़ी 1200 मेगावाट जालौन सोलर पार्क सम्मिलित है | अन्य परियोजनाएं यथा 65 मेगावाट कालपी, 100 मेगावाट मिर्ज़ापुर, 45 मेगावाट माधवगढ़ इत्यादि की जानकारी भी दी गयी | बीएसयूएल कार्यों पर एक प्रेजेंटेशन श्री बृजेश शर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक (विद्युत्) द्वारा प्रस्तुत की गई | बैठक के अंत में निदेशक महोदय ने बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और इस सम्बन्ध में एनएचपीसी एवं बीएसयूएल बोर्ड द्वारा पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया | बैठक समाप्ति के बाद उन्होंने रूफ टॉप सोलर प्लांट का निरीक्षण भी किया और फिर राजभाषा के कार्यों का निरीक्षण व समीक्षा की |

निदेशक (परियोजनाऐं) ने श्री भवानी सिंह खंगारोत (आई.ए.एस.), निदेशक, यूपीनेडा से भी एनएचपीसी एवं बीएसयूएल द्वारा सभी प्रस्तावित सौर परियोजनाओं में गति लाने हेतु मुलाकात की |



**महाप्रबन्धक द्वारा निदेशक (परियोजनाऐं) महोदय का पुष्प गुच्छ से स्वागत**




**<u>निदेशक (परियोजनाऐं) महोदय द्वारा पौधारोपण</u>**



**<u>सम्पर्क कार्यालय और बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड के कार्मिकों के साथ सामूहिक चित्र</u>**



<u>निदेशक महोदय को शाल भेंट कर सम्मानित करते हुए</u>



<u>बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड में चल रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए</u>



<u>सोलर रूफ टॉप का निरीक्षण करते हुए</u>



<u>राजभाषा कार्यों का निरीक्षण करते हुए</u>




<u>**महाप्रबन्धक द्वारा निदेशक (परियोजनाऐं) महोदय का लखनऊ हवाई अड्डे पर स्वागत**</u>